# Hindi Sample Paper - 7

SECTION-IA : **हिन्दी**

1. **'निराला' द्वारा रचित ललित गीतों का संग्रह कौन-सा है?**
   (a) गीतकुंज (b) अणिमा
   (c) गीतावली (d) गीतिका
2. **'काठकी हांडी बार-बार नहीं चढ़ती', इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है?**
   (a) लकड़ी का बर्तन अग्नि से जल सकता है
   (b) बुरे दिन हमेशा नहीं रहते
   (c) छल-कपट का व्यवहार हमेशा नहीं चलता
   (d) दुर्भाग्य की मार बार-बार नहीं होती
3. **'जब से है आँख लगी तब से न आँख लगी' इसमें कौन-से अलंकार का प्रयोग हुआ है?**
   (a) सन्देह अलंकार
   (b) विरोधाभास अलंकार
   (c) अतिशयोक्ति अलंकार
   (d) अन्योक्ति अलंकार
4. **किन शब्दों से वचन की पहचान नहीं होती है?**
   (a) संज्ञा (b) क्रिया विशेषण
   (c) क्रिया (d) विशेषण
5. **'कोई कमाए कोई खाए', इसके अर्थ को दर्शाती सही लोकोक्ति निम्न में से कौन-सी है?**
   (a) खरी मजूरी चोखा काम
   (b) घर की मुरगी दाल बराबर
   (c) अंधी पीसे कुत्ता खाए
   (d) चट मँगनी पट ब्याह
6. **'यह निबंध मैं लिखा हूँ' इस अशुद्ध वाक्य के लिए निम्न में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–**
   (a) मैं यह निबंध लिखा हूँ।
   (b) यह निबंध मैं लिखा हूँ।
   (c) यह निबंध मैंने लिखा है।
   (d) मैंने यह निबंध लिखा हूँ।
7. **जब कोई बात सीधे-सादे रूप में न कहकर किसी के माध्यम से कही जाए तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?**
   (a) अन्योक्ति (b) संदेह
   (c) विरोधाभास (d) व्यतिरेक
8. **"गांठ में बांधना" मुहावरे का अर्थ है–**
   (a) मालदार होना
   (b) खूब याद रखना
   (c) बेफिक्र होना
   (d) मौका ताकना
9. **दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य बताइए–**
   (a) यद्यपि वह बीमार था, तथापि वह मेले में गया।
   (b) यद्यपि वह बीमार था, तो भी वह मेला गया।
   (c) यद्यपि वह बीमार था, फिर भी वह मेला गया।
   (d) यद्यपि वह बीमार था, परन्तु वह मेला गया।
10. **इनमें से कौन-सी बोली मध्य प्रदेश की प्रमुख बोलियों में से नहीं है?**
    (a) मालवी (b) निमाड़ी
    (c) बुन्देली (d) बाँगर
11. **........ 'मैथिली' के सुप्रसिद्ध कवि हैं–**
    (a) नागार्जुन
    (b) रामधारी सिंह दिनकर
    (c) विद्यापति
    (d) भिखारी ठाकुर
12. **'विद्वान' का स्त्रीलिंग बताइए–**
    (a) होशियार (b) विदुषी
    (c) विद्वान (d) ज्ञानी
13. **इनमें से 'जल' का समानार्थी शब्द कौन-सा नहीं है?**
    (a) पानी (b) नल
    (c) नीर (d) अंबु
14. **'जमीन पर पैर न पड़ना', इस मुहावरे का सही अर्थ बताइए–**
    (a) थक जाना
    (b) नाजुक होना
    (c) कल्पनाशील होना
    (d) अभिमानी होना
15. **दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य बताइए–**
    (a) हरीश सज्जन पुरुष हैं।
    (b) हरीश सज्जन व्यक्ति है।
    (c) हरीस सज्जन है।
    (d) हरिष सज्जन आदमि हैं।
16. **रिक्त स्थान भरें–**
    **भारत विश्व की उन प्रथम सभ्यताओं में से है जहाँ सिक्कों का ........ शुरू हुआ–**
    (a) प्रचलन (b) विकार
    (c) परिवर्तन (d) उलट-फेर
17. **उपमेय और उपमान के बीच समानता बताने वाले शब्दों को ........कहते हैं–**
    (a) उपमान (b) उपमा
    (c) वाचक (d) रूपक
18. **निम्न में से कौन-सा क्रिया विशेषण का भेद नहीं है?**
    (a) स्थानवाचक
    (b) परिमाणवाचक
    (c) जातिवाचक
    (d) रीतिवाचक

**निर्देश– (19 से 21) – नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

हैं जन्म लेते जगह में एक ही
एक ही पौधा उन्हें है पालता
रात में उन पर चमकता चाँद भीए
एक ही-सी चाँदनी है डालता
छेदकर कांटा किसी की उँगलियाँ
फाड़ देता है किसी का वर वसन
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर
और है वेध देता श्याम तन
फूल लेकर तितलियों को गोद में
भौंर को अपना अनूठा रस पिला
निज सुगन्धों का निराले ढंग से
है सदा देता कली का जी खिला
है खटकता एक सबकी आँख में
दूसरा है सोहता सुर-सीस पर
किस तरह फूल की बड़ाई काम दे
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।

19. **इस काव्यांश में किसे महत्त्व दिया गया है?**

(a) कुल गोत्र
(b) चरित्र
(c) चरित्र एवं स्वभाव
(d) स्वभाव

20. **निम्न में से कौन-सा 'बड़प्पन' शब्द में प्रत्यय है?**
(a) बड़ (b) अपन
(c) प्पन (d) पन

21. **निम्न में से कौन-सा 'फूल' शब्द का पर्यायवाची है?**
(a) जलज (b) कमल
(c) मधुप (d) प्रसून

22. **इनमें से 'तुरंग' किसका समानार्थी शब्द है?**
(a) बिजली (b) लहर
(c) सरिता (d) घोड़ा

23. **'लोहा मानना' मुहावरे का अर्थ है–**
(a) श्रेष्ठता स्वीकारना
(b) शक्तिशाली बनना
(c) बुद्धिमान होना
(d) पराजय स्वीकार करना

24. **रिक्त स्थान भरें–**
**विश्व में ........पाँच व्यक्तियों में से चार व्यक्ति विकास ........ देश में रहते हैं।**
(a) हर, पूर्वक
(b) पैदा, मुक्त
(c) आज, केंद्रित
(d) प्रत्येक, शील

25. **विशेषणों में तुलना के आधार पर कितनी अवस्थाएँ होती हैं?**
(a) तीन (b) चार
(c) पाँच (d) दो

26. **'वीप्सा' अलंकार को दूसरे किस नाम से जाना जाता है?**
(a) पूर्णोपमा अलंकार
(b) पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार
(c) लुप्तोपमा अलंकार
(d) प्रश्न अलंकार

27. **'समिति' शब्द का बहुवचन है........।**
(a) समितियाँ (b) समीतियाँ
(c) समितियों (d) समितीयाँ

28. **'लिचू' किस भाषा का शब्द है?**
(a) उर्दू (b) चीनी
(c) संस्कृत (d) हिन्दी

29. **'घर की आय का हिसाब माँ ही रखती है।' 'आय' का विलोम ........ है–**
(a) खर्च (b) घाटा
(c) व्यय (d) गए

30. **रिक्त स्थान भरें–**
**जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र होता है उन्हें ........ कहते हैं।**
(a) व्यंजन (b) स्वर
(c) बोली (d) व्याकरण

31. **'राँघड़ी' बोली कहाँ बोली जाती है?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) केरल
(c) मध्य प्रदेश (d) हरियाणा

32. **हरिवंशराय बच्चन ने अपने इंग्लैंड प्रवास काल में कौन-सा गीत संग्रह लिखा?**
(a) प्रणय पत्रिका
(b) सतरंगिनी
(c) एकान्त संगीत
(d) मिलन यामिनी

33. **'बांह' का सामान्य बहुवचन ..... है ।**
(a) बांह (b) बाहों
(c) बाजुओं (d) बांहें

34. **'मधुशाला' किसके द्वारा रचित है?**
(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) सुमित्रानन्दन पन्त
(c) हरिवंशराय बच्चन
(d) महादेवी वर्मा

35. **क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में क्रिया के संदेह का बोध हो वहाँ काल ........ काल होता है–**
(a) संदिग्ध वर्तमान
(b) संदिग्ध भूत
(c) संभाव्य भविष्य
(d) अपूर्ण वर्तमान

36. **रिक्त स्थान भरें–**
**व्यक्ति का गौरव तथा ........ की एकता ........ द्वारा सुनिश्चित होते हैं।**
(a) विश्व, समानता
(b) नीति, शिक्षा
(c) देश, स्वतंत्रता
(d) राष्ट्र, बंधुत्व

37. **इनमें से 'हाथी' का समानार्थी शब्द कौन-सा नहीं है?**
(a) हस्त (b) दंती
(c) हस्ती (d) करि

38. **निम्न में से कौन-सा शब्द 'बिल्ली' शब्द का पुल्लिंग है?**
(a) बिल्ला (b) बिलाव
(c) बिलाब (d) बिलौटा

39. **दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य बताइए–**
(a) उनके अंग-अंग काटे गए
(b) उसके अंग-अंग काटे गए
(c) उसका अंग-अंग काटा गया
(d) उनका अंग-अंग काटा गया

40. **'हानि' का विलोम ........ है–**
(a) आमदनी (b) लाभ
(c) मुनाफा (d) फायदा

41. **यदि ई, इ, उ, ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आए और इनका परिवर्तन क्रमशः य्, व् और र् में हो तो उसमें कौन-सी संधि होगी?**
(a) गुण स्वर संधि
(b) यण स्वर संधि
(c) वृद्धि स्वर संधि
(d) अयादि स्वर संधि

42. **'बुढ़ापा' शब्द में कौन-सी संज्ञा है?**
(a) जातिवाचक संज्ञा
(b) भाववाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(d) इनमें से कोई नहीं

43. **<u>जो</u> करेगा सो भरेगा। रेखांकित शब्द क्या है?**
(a) क्रिया विशेषण
(b) संकेत वाचक सर्वनाम
(c) संबंध वाचक सर्वनाम
(d) गुण वाचक सर्वनाम

44. **विभु के पर्यायवाची शब्द कौन-से हैं?**
(a) सर्वव्यापक, नित्य
(b) ब्रह्म, आत्मा
(c) महान, ईश्वर
(d) चिरस्थायी, दृढ़

45. **निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध शब्द है-**
(a) जीजीविषा (b) जिजीविषा
(c) जीजिविषा (d) जिजिविषा

**निर्देश– (46-50)– गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में सबसे उचित विकल्प चुनिए।**

मैं जिस घर में रहती थी, वहाँ मेरी आदत बहुत सवेरे उठने की थी। एक दिन उतने सवेरे एक छोटा बच्चा, जो शायद डेढ़ साल से कम का होगा, मेरे कमरे में आया। मैंने सोचा कि वह शायद भूखा होगा और उससे पूछा कि वह कुछ खाना चाहता है? उसने उत्तर दिया 'कीड़े।' मैंने आश्चर्य से कहा, कीड़ें?' जब उसने देखा कि मेरी समझ में उसकी बात नहीं आ रही है, तो मेरी सहायता के लिए उसने एक शब्द और जोड़ा, 'अंडा। मैंने सोचा कि इतने सवेरे कुछ पीना चाहता है क्या? यह आखिर कहना क्या चाह रहा है? उसने फिर कहा 'नीना अंडे, कीड़े। अब मुझे पूरी बात समझ आ गई। एक दिन पहले उसकी बहन नीना कागज पर अण्डे की शक्ल बनाकर उसमें रंग भर रही थी। इस बच्चे की इच्छा थी कि वह भी रंग भरे, पर नीना ने उसे गुस्से में आकर भगा दिया। उसने नीना का विरोध नहीं किया और बड़े धैर्य और लगन के साथ मौके का इतंजार करता रहा। मैंने उसे क्रेयॉन का रंग दे दिया और उसका चेहरा खुशी से दमक उठा। उसे अंडे के आकार की रेखा नहीं खींची गई तो मैंने उसके लिए चित्र बना दिया। फिर उसने अपनी टेढ़ी-मेढ़ी लकीरों से उसमें रंग भरना शुरू कर दिया। उसकी बहन सीधी रेखाओं में रंग भरती थी और उसने कीड़े की तरह लहरदार रेखाओं में रंग भरा।

46. **टेढ़ी-मेढ़ी लकीरों को 'कीड़े' कहना इस ओर संकेत करता है, कि बच्चा–**
    (a) हर हालात में अपनी बात कह देता है।
    (b) लकीरों को कीड़ा मानता है।
    (c) टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें ही बना सकता है।
    (d) दो अलग चीजों में आकृति के आधार पर समानता खोज लेता है।

47. **अनुच्छेद से पता चलता है कि डेढ़ साल के बच्चे–**
    (a) कागज चाहते हैं।
    (b) सम्प्रेषण के लिए कथ्य के मुख्य शब्दों का प्रयोग करते हैं।
    (c) रंग चाहते हैं।
    (d) तस्वीरें चाहते हैं।

48. **बच्चे ने 'कीड़े' के बाद 'अंडा' 'नीना अण्डे कीड़े' शब्दों का प्रयोग किया, क्योंकि–**
    (a) वह रंग भरने की बात बताना चाहता था।
    (b) वह अण्डा बनाना चहता था।
    (c) वह कागज और क्रेयॉन चाहता था।
    (d) वह जान गया था कि लेखिका उसकी बात समझ नहीं पाई है।

49. **'इतने सवेरे कुछ पीना चाहता है क्या? वाक्य में 'कुछ' शब्द है–**
    (a) प्रश्नवाचक सर्वनाम
    (b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
    (c) निश्चयवाचक सर्वनाम
    (d) अनिश्चय संख्यावाचक विश्लेषण

50. **'उसका चेहरा <u>खुशी से दमक उठा</u> वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर कौन-सा मुहावरा आएगा?**
    (a) खुश हो गया
    (b) खुशी से फूला न समाया
    (c) गद्-गद् हो गया
    (d) खिल उठा

## Answers with Explanations

### SECTION-IA : हिन्दी

1. (d) 'गीतिका' सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' द्वारा रचित ललित गीतों का संग्रह है।

2. (c)

3. (b) जब से है आँख लगी तब से न आँख लगी पंक्ति में विरोधाभास अलंकार है। जब दो वस्तुओं में विरोध न हो कर, विरोध का आभास हो तब वहाँ विरोधाभास अलंकार होता है।

4. (b) क्रिया विशेषण शब्दों से वचन की पहचान नहीं होती है। यह शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं।

5. (c)   6. (c)

7. (a) जब कोई बात सीधे-सादे रूप में न कहकर किसी के माध्यम से कही जाए तो वहाँ अन्योक्ति अलंकार होता है।

8. (b)   9. (a)

10. (d) बाँगर या बाँगरू पश्चिमी हिन्दी उपभाषा वर्ग की बोली के अतंर्गत आती है, शेष बोलियाँ मध्य प्रदेश की हैं।

11. (c) विद्यापति हिन्दी साहित्य के श्रेष्ठ कवियों में से एक हैं। उन्होंने हिन्दी में कीर्तिलता, कीर्तिपताका तथा मैथिली में पदावली की रचना की थी।

12. (b)'विद्वान' का स्त्रीलिंग 'विदुषी' होता है।

13. (b) नल शब्द जल का समानार्थी नहीं है, शेष जल के समानार्थी हैं।

14. (d) 'जमीन पर पैर न पड़ना' इस मुहावरे का अर्थ अभिमान करना या अभिमानी होना होता है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (c) को 'कल्पनाशील होना' माना है।

15. (b) हरीश सज्जन व्यक्ति है। यह वाक्य सही है, किन्तु वास्तव में यहाँ व्यक्ति का प्रयोग उचित नहीं है, क्योंकि 'सज्जन' का प्रयोग व्यक्ति के ही संदर्भ में किया गया है। अन्य वाक्य अशुद्ध हैं।

16. (a) भारत विश्व की उन प्रथम सभ्यताओं में से है, जहाँ सिक्कों का प्रचलन शुरू हुआ।

17. (c) उपमेय (जिसकी तुलना की जाए) और उपमान (तुलना की जाए) के बीच समानता बताने वाले शब्दों को वाचक शब्द कहते हैं।

18. (c) क्रिया विशेषण के चार भेद हैं। स्थानवाचक, कालवाचक, रीतिवाचक तथा परिमाणवाचक। जातिवाचक क्रिया विशेषण का भेद नहीं है।

19. (c) प्रस्तुत काव्यांश में चरित्र एवं स्वभाव को महत्त्व दिया गया है।

20. (d) बड़प्पन में पन प्रत्यय है।

21. (d) फूल शब्द के पर्यायवाची प्रसून, कुसुम, सुमन इत्यादि हैं। 'जलज' तथा 'कमल' समानार्थी शब्द हैं, जबकि मधुप का अर्थ भौरा होता है।

22. (d) 'तुरंग' का समानार्थी घोड़ा, घोटक, अश्व, हय इत्यादि होता है।

23. (a)

24. (d) विश्व में प्रत्येक पाँच व्यक्तियों में से चार व्यक्ति विकासशील देशों में रहते हैं।

25. (a) विशेषणों में तुलना के आधार पर तीन अवस्थाएँ होती हैं-मूलावस्था, उत्तरावस्था तथा उत्तमावस्था।

26. (b) 'वीप्सा' अलंकार को पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार के नाम से भी जाना जाता है।

27. (a)

28. (b) 'लिचू', चीनी भाषा का शब्द है।

29. (c) 'आय' का विलोम 'व्यय' होता है।

30. (b) जिन वर्णो का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है, उन्हें 'स्वर' कहते हैं।

31. (d) राँघड़ी, बाँगर इत्यादि हरियाणा राज्य की बोलियाँ हैं।

32. (a)

33. (d) 'बांह' का सामान्य बहुवचन बाहें होता है।

34. (c) मधुशाला, हरिवंशराय बच्चन की रचना है इसके अतिरिक्त निष्ठा निमंत्रण, सतरंगिनी, दो चट्टानें, मधुकलष्ठ इत्यादि उनकी अन्य रचनाएँ हैं।

35. (a) क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में क्रिया के संदेह का बोध हो, वहाँ संदिग्ध वर्तमान काल होता है।

36. (c) व्यक्ति का गौरव तथा देश की एकता स्वतंत्रता द्वारा सुनिश्चित होते हैं।

37. (a) हस्त हाथी का समानार्थी नहीं है। यह हाथ का समानार्थी है।

38. (a, b)'बिल्ली' शब्द का पुल्लिंग बिल्ला तथा बिलाव दोनों होता है। इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (b) माना है।

39. (c)

40. (b) 'हानि' का विलोम 'लाभ' होता है।

41. (b) यदि इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद कोई भिन्न स्वर आए और इनका परिवर्तन क्रमशः य्, व् और र् में हो तो वहाँ यण स्वर संधि होती है, जैसे- सु + आगत = स्वागत।

42. (b) बुढ़ापा में भाव वाचक संज्ञा है। जिस संज्ञा शब्द से किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु अथवा पदार्थ के गुण, दोष, दशा, अवस्था, क्रिया के व्यापार आदि का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे-बचपन, सुन्दरता, लड़कपन, पाण्डित्य, दासत्व आदि। संज्ञा के पाँच भेद हैं-

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा 2. जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा 4. द्रव्यवाचक संज्ञा
5. समूहवाचक संज्ञा

43. (c) 'जो करेगा सो भरेगा' में 'जो' शब्द सम्बन्ध वाचक सर्वनाम है। जिस सर्वनाम से किसी दूसरे सर्वनाम से सम्बन्ध स्थापित हो जाए, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे-जो, सो।

44. (a) विभु के पर्यायवाची शब्द सर्वव्यापक एवं नित्य हैं।

45. (b) निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध शब्द 'जिजीविषा' है।

46. (d)'टेढ़ी-मेढ़ी लकीरों को कीड़े' कहना इस ओर संकेत करता है कि बच्चा दो अलग चीजों में आकृति के आधार पर समानता खोज लेता है।

47. (b)उपरोक्त अनुच्छेद से यह पता चलता है, कि डेढ़ साल के बच्चे सम्प्रेषण के लिए कथ्य के मुख्य शब्दों का प्रयोग करते हैं।

48. (d)बच्चे ने कीड़े के बाद अंडा नीना अंडे कीड़े शब्दों का प्रयोग इसलिए किया है, क्योंकि वह जान गया था कि लेखिका उसकी बात समझ नहीं पाई है।

49. (b) जिस सर्वनाम से किसी चीज के निश्चित रूप से होने या उसकी निश्चित मात्रा या परिणाम का बोध न हो उसे अनिश्चियवाचक सर्वनाम कहते हैं। इतने सवेरे कुछ पीना चाहता है क्या? इस वाक्य में 'कुछ' से यह पता नहीं चलता है कि कितने या क्या पीने की बात की जा रही है।

50. (d) उसका चेहरा खुशी से दमक उठा, वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर खिल उठा मुहावरा आएगा।